## भाग - I / PART - I

## बाल विकास व शिक्षाशास्त्र / CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए :*

1. वर्तमान शिक्षा व्यक्ति को जीवन से अलग करती है क्योंकि
   (1) यह जीवन का समग्र भाग नहीं है
   (2) यह व्यक्ति को दाना-पानी देने में असमर्थ है
   (3) यह व्यक्ति को नौकरी देने में असमर्थ है
   (4) यह व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं करती है

2. शिक्षण की आधुनिक संकल्पना के अनुसार, एक अध्यापक को मुख्य भूमिका निभानी चाहिए
   (1) दार्शनिक की
   (2) मित्र की
   (3) कार्यसहभागी की
   (4) अनुदेशक की

3. एक विषय पर सर्वाधिक एवं आधुनिकीकृत सूचना किस स्रोत से प्राप्त होती है ?
   (1) विश्वकोश
   (2) इन्टरनेट
   (3) नवीनतम अकादमिक पत्रिकाएँ
   (4) अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन

*Directions : Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option :*

1. Present day education cuts off the man from life because
   (1) it is not an integral part of life
   (2) it is unable to provide bread and butter to man
   (3) it is unable to provide job to man
   (4) it is unable to fulfill the basic needs of a man

2. According to modern concept of teaching, teacher should play mainly the role of a
   (1) Philosopher
   (2) Friend
   (3) Working partner
   (4) Instructor

3. Which source will provide maximum and up-to-date information about a subject ?
   (1) Encyclopaedias
   (2) Internet
   (3) Latest academic journals
   (4) International conferences

4. आपकी कक्षा के कुछ छात्रों का ध्यान पढ़ने से हट गया है। आप उनका ध्यान पुनः केन्द्रित करने के लिए कौन-सा उपाय करेंगे ?

(1) छोटी-सी शारीरिक क्रिया करवाना

(2) थोड़ी देर के लिए कक्षा को निलंबित करना

(3) बच्चों को ध्यान लगाने के लिए कहना

(4) कक्षा को खेल के लिए भेजना

5. जब अध्यापक प्रथम बार कक्षा-कक्ष में प्रवेश करे तो उसे बात करनी चाहिए

(1) विद्यालय भवन के बारे में

(2) विद्यालय के प्रधानाध्यापक के बारे में

(3) पाठ्यपुस्तक के बारे में

(4) अपने एवं छात्रों के बारे में

6. महात्मा गांधी द्वारा चलाई गई शिक्षा की प्रणाली जानी जाती है

(1) बुनियादी शिक्षा प्रणाली

(2) व्यावसायिक शिक्षा प्रणाली

(3) बाल केन्द्रित शिक्षा प्रणाली

(4) हस्तकला शिक्षा प्रणाली

4. Some students of your class have become inattentive; which strategy would you use to regain their attention ?

(1) A brief physical activity

(2) Suspending the class for sometime

(3) Asking children to be attentive

(4) Sending the class out for games

5. When a teacher enters in the class room for the first time he should talk about

(1) school building

(2) school headmaster

(3) textbook

(4) himself and students

6. The education system developed by Mahatma Gandhi is known as

(1) Basic education system

(2) Vocational education system

(3) Child centred education system

(4) Handicraft education system

7. अध्यापक का कौन-सा कार्य उपयुक्त अधिगम वातावरण बनाने में मदद *नहीं* करता ?

(1) बच्चों को सुरक्षा का भाव देना

(2) बच्चों को स्वतंत्रता का भाव देना

(3) बच्चों को अन्य बच्चों की आलोचना करने देना

(4) बच्चों को निर्भय बनाना

8. निम्न में से कौन-सा छात्रों के पलायन का कारण *नहीं* होता ?

(1) अरुचिकर विद्यालयी कार्यक्रम

(2) अध्यापक का पक्षपातपूर्ण व्यवहार

(3) बहुत अधिक गृह कार्य

(4) बहुत अधिक छुट्टियाँ

9. जब अध्यापक एक छात्र को सफलता का अहसास कराता है तो वह उपयोग कर रहा होता है

(1) तत्परता के नियम का

(2) अभ्यास के नियम का

(3) प्रभाव के नियम का

(4) मानसिक तत्परता के नियम का

10. प्रकृतिवाद के अनुसार शिक्षा का केन्द्र होना चाहिए

(1) अध्यापक

(2) बालक

(3) पाठ्यक्रम

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

7. Which of the following acts of the teacher does ***not*** help in creating proper learning environment ?

(1) Providing the children with feeling of security

(2) Giving the children sense of freedom

(3) Allowing children to criticize other children

(4) Making children fearless

8. Which of the following is ***not*** the cause of truancy of students ?

(1) Uninteresting school programme

(2) Teacher's partial behaviour

(3) Too much home work

(4) Too many holidays

9. When a teacher gives the learner the sense of success, he is using

(1) the law of readiness

(2) the law of practice

(3) the law of effect

(4) the law of mental set

10. According to Naturalism, the centre of education should be

(1) Teacher

(2) Child

(3) Curriculum

(4) None of the above

11. आपकी कक्षा के एक विद्यार्थी में झूठ बोलने की आदत है। आप उसके साथ कैसा व्यवहार करेंगे ?

(1) झूठ न बोलने के लिए कहेंगे

(2) उसे सजा देंगे

(3) उसकी उपेक्षा करेंगे

(4) उसे विश्वास में लेंगे एवं परामर्श देंगे

12. प्रतिभावान बच्चों की शिक्षा के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रावधान है

(1) योग्यता के आधार पर समूह बनाना

(2) दोहरी कक्षोन्नति देना

(3) कार्यक्रम को समृद्ध बनाना

(4) विशिष्ट विद्यालयों का प्रावधान करना

13. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के अनुसार शिक्षा पर निवेश कुल राष्ट्रीय उत्पादन का प्रतिशत होना चाहिए

(1) 6% (2) 10%

(3) 4% (4) 3%

14. स्कूल प्रशासन कमजोर बच्चों के लिए आयोजित अतिरिक्त कक्षाओं में से कुछ आपको आवंटित करता है। एक अध्यापक के रूप में आपकी क्या प्रतिक्रिया होगी ?

(1) प्रतिवाद करेंगे और कक्षा नहीं लेंगे

(2) निर्णय के पुनर्विचार का आग्रह करेंगे

(3) विद्यार्थियों से कहेंगे कि वे स्वयं तैयारी करें

(4) इसे अपने दायित्व के रूप में स्वीकार करेंगे

11. A student of your class is in the habit of telling a lie. How would you deal with him ?

(1) tell him not to tell a lie

(2) punish him

(3) just ignore him

(4) will take him into confidence and counsel

12. The best provision for the education of the talented children is

(1) Ability grouping

(2) Giving double promotion

(3) Enriching programme

(4) Providing special schools

13. As per National Policy on Education, 1986 percentage of national production must be invested on education

(1) 6% (2) 10%

(3) 4% (4) 3%

14. School administration assigned you some extra classes which are meant for weak students. What will be your reaction as a teacher ?

(1) Protest and not take classes

(2) Request reconsideration of decision

(3) Tell student to prepare on their own

(4) Accept it as your responsibility

15. अध्यापन की पद्धति के रूप में व्याख्यान प्रणाली के बारे में निम्नलिखित कथनों का अध्ययन करें :

A. सूचना प्रदान करने की यह एक कुशल विधा है।

B. विद्यार्थियों को आलोचनात्मक दृष्टि से सोचने के लिए प्रेरित करने हेतु यह एक प्रभावपूर्ण प्रणाली है।

इनमें से कौन-सा कथन *सही* है ?

(1) केवल A (2) केवल B

(3) A तथा B दोनों (4) न A न B

16. शिक्षण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व शिक्षक को

(1) छात्रों को खड़ा करना चाहिए

(2) छात्रों को मानसिक रूप से तैयार करना चाहिए

(3) श्याम-पट को साफ करना चाहिए

(4) छात्रों को चुप रहने के लिए कहना चाहिए

17. शिक्षण करते समय आपको लगे कि जो कुछ आपने पढ़ाया है वह सही *नहीं* है तो आप

(1) प्रकरण अधूरा छोड़ देंगे तथा दूसरा प्रकरण शुरू कर देंगे

(2) छात्रों से कहेंगे कि गलती हुई और उसे ठीक कर देंगे

(3) छात्रों का उससे ध्यान हटा देंगे

(4) छात्रों को डाँट पिलायेंगे

15. Study the following statements about lecturing as a method of teaching :

A. It is an efficient method of giving information.

B. It is an efficient way of making students think critically.

Which of these statements is/are ***correct*** ?

(1) A only (2) B only

(3) Both A & B (4) Neither A nor B

16. Before starting to teach a teacher must

(1) make the students stand

(2) make the students mentally ready

(3) clean the black board

(4) ask the students to keep silence

17. While teaching if you realize that what you have taught is ***not*** correct, you would

(1) leave the topic unfinished and shift to another

(2) tell the students that it was a mistake and correct it

(3) divert the attention of the students

(4) Scold students

18. सलीम संगीत में निष्णात है परन्तु गणित में अच्छा नहीं कर पाता। गणित के अध्यापक के रूप में आप सलीम को क्या कहेंगे ?

(1) उससे कहेंगे कि संगीत का कोई भविष्य नहीं है

(2) उससे संगीत छोड़कर गणित की पढ़ाई करने को कहेंगे

(3) उसके अभिभावकों को बुलाकर बात करेंगे

(4) उससे कहेंगे कि वह गणित में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकता है और उसे गणितीय अवधारणाएँ समझायेंगे

19. प्रतिभावान बालक की पहचान अवलोकन द्वारा *नहीं* की जा सकती क्योंकि

(1) अवलोकन वस्तुनिष्ठ तकनीक नहीं है

(2) अवलोकन व्यक्तिनिष्ठ प्रविधि है

(3) अवलोकन सिर्फ विशेषज्ञों द्वारा ही किया जा सकता है

(4) उपरोक्त में से सभी

20. एक लंबे व्याख्यान को देते हुए अध्यापक को

(1) बीच में विराम लेना चाहिए

(2) लगातार बोलना चाहिए

(3) बीच में प्रश्न पूछने चाहिए

(4) अपनी भाव-भंगिमा बदलनी चाहिए

18. Salim is very good in Music but is not able to do well in Mathematics. As a teacher of Mathematics, how will you handle Salim ?

(1) Tell him that Music does not have a future

(2) Tell him to leave Music and study Maths

(3) Call his parents and talk to them

(4) Tell him that he can do well in Mathematics and explain the Mathematical concepts to him

19. A talented child can ***not*** be identified through observation because

(1) observation is not an objective technique

(2) observation is a subjective technique

(3) observation is used by those who are expert

(4) All of the above

20. While delivering a long lecture what a teacher should do ?

(1) Should break in between

(2) Should speak continuously

(3) Should ask questions in between

(4) Should change own posture

21. आपकी कक्षा की एक लड़की की रुचि स्पोर्ट्स में है और वह स्पोर्ट्स में अपने कैरियर को बढ़ाना चाहती है। आप उसे क्या परामर्श देंगे ?

(1) लड़कियों का खेल जगत में कोई भविष्य नहीं है

(2) उसे अपनी आकांक्षा की पूर्ति हेतु कठोर परिश्रम करना चाहिए

(3) उसे सिर्फ पढ़ाई में ध्यान लगाने को कहेंगे

(4) लड़कियाँ खेलों में उत्कृष्ट नहीं कर सकतीं क्योंकि वे शारीरिक रूप से कमजोर होती हैं

22. बुद्धि के लिए कौन-सा कथन सत्य *नहीं* है ?

(1) बुद्धि सीखने की योग्यता है

(2) बुद्धि समस्या हल करने की योग्यता है

(3) बुद्धि परिश्रम करने की योग्यता है

(4) बुद्धि नवीन परिस्थिति के साथ अनुकूलन करने की योग्यता है

23. सर्वाधिक प्रभावी मूल्यांकन पद्धति है

(1) वार्षिक परीक्षा प्रणाली

(2) सपुस्तक परीक्षा प्रणाली

(3) सेमेस्टर प्रणाली

(4) वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र पद्धति

21. A girl of your class is interested in sports and wants to pursue her career in sports. What will you suggest her ?

(1) Girls have no future in sports

(2) She should put in hard work to achieve her ambition

(3) Ask her to be focused only in academics

(4) Girls can not excel in sports as they are not physically strong

22. Which is ***not*** true about intelligence ?

(1) Intelligence is the ability to learn

(2) Intelligence is the ability to solve problems

(3) Intelligence is the ability to work hard

(4) Intelligence is the ability to adapt to novel situation

23. The most effective evaluation method is

(1) Annual examination method

(2) Examination with book method

(3) Semestral method

(4) Objective question paper method

24. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

A. स्लाइड प्रोजेक्टर (i) दृश्य साधन

B. टी वी (ii) श्रव्य साधन

C. चार्ट (iii) दृश्य-श्रव्य साधन

D. आवाज रिकॉर्डर (iv) प्रक्षेपण साधन

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

25. पद 'व्यापक मूल्यांकन' का तात्पर्य है

(1) अलग-अलग समय किया जाने वाला मूल्यांकन

(2) अध्यापकों के एक समूह द्वारा किया जाने वाला मूल्यांकन

(3) लंबी अवधि के कई टेस्ट

(4) विद्यार्थी की संवृद्धि के शैक्षणिक व सहशैक्षणिक आयामों का मूल्यांकन

26. वस्तुओं को क्रम से जमाने की क्षमता बालक में विकसित होती है जब वह

(1) इन्द्रियगति अवस्था में हो

(2) पूर्व क्रिया अवस्था में हो

(3) मूर्त क्रिया अवस्था में हो

(4) औपचारिक क्रिया अवस्था में हो

24. Match the following :

A. Slide Projector (i) Visual mean

B. TV (ii) Audio mean

C. Chart (iii) Audio-visual mean

D. Voice Recorder (iv) Projective mean

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

25. The term 'comprehensive evaluation' means

(1) Evaluation conducted at several points of time

(2) Evaluation by a group of teachers

(3) Several test for long duration

(4) Evaluation of curricular & co-curricular aspects of pupil growth

26. The capacity to arrange objects serially is developed in the child when he is in

(1) Sensory motor stage

(2) Pre-operational stage

(3) Concrete operational stage

(4) Formal operational stage

27. अधिगम स्थानान्तरण की योग्यता को बढ़ाने के लिए अध्यापक को *नहीं* करना चाहिए
    (1) स्व-क्रिया को प्रोत्साहित करना
    (2) रटने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना
    (3) सूझ द्वारा सीखने का विकास करना
    (4) सामान्यीकरण पर बल देना

28. जब कोई बच्चा किसी शब्द का गलत उच्चारण करता है तो आप क्या करेंगे ?
    (1) कहेंगे कि ऐसे मत बोलो
    (2) शुद्ध उच्चारण बतायेंगे
    (3) गलत उच्चारण के लिए उसे डाटेंगे
    (4) ध्यान नहीं देंगे

29. प्रभावी एवं सफल नेतृत्व का आधार है
    (1) प्रशंसा
    (2) सम्पूर्ण समूह का हित
    (3) समूह की सेवा
    (4) स्वयं का हित

30. छात्रों में अच्छे नागरिक के गुण कैसे समाहित किये जा सकते हैं ?
    (1) उन्हें अच्छी नागरिकता पर भाषण देकर
    (2) उन्हें राष्ट्रीय नायकों से परिचित कराकर
    (3) उन्हें कतिपय सामुदायिक सेवा कार्य आवंटित करके
    (4) उन्हें भारतीय संविधान से परिचित कराकर

27. For enhancing the ability of transfer of learning the teacher should ***not***
    (1) encourage self activity
    (2) encourage the habit of rote learning
    (3) develop the habit of learning by insight
    (4) emphasise on generalization

28. When a child mispronounces a word, what will you do ?
    (1) Tell - don't say like this
    (2) Tell the correct pronunciation
    (3) Rebuke the child for wrong pronunciation
    (4) Ignore

29. The basis of effective and successful leadership is
    (1) Appreciation
    (2) The interest of entire group
    (3) Service of group
    (4) Self interest

30. How the virtue of good citizen can be inculcate among students ?
    (1) By lecturing them on good citizenship
    (2) By familarising them with national heroes
    (3) By assigning them some community service work
    (4) By familarising them with Indian Constitution

## भाग – II / PART – II

## भाषा – I (हिन्दी) / LANGUAGE-I (HINDI)

**31.** निम्न में से 'गंगा' के पर्यायवाची शब्दों का समूह है

(1) मंदाकिनी, भागीरथी, त्रिपथगा

(2) कृष्णा, त्रिपथगा, अर्कजा

(3) मंदाकिनी, कालिन्दी, तरणि

(4) सरिता, शैलजा, तरंगिणी

**32.** निम्न शब्दयुग्म का सही अर्थ चुनिए

'लग्न - लगन'

(1) उत्साह - मुहूर्त

(2) मुहूर्त - उत्साह

(3) एक वैवाहिक अनुष्ठान - लगाव

(4) एक तारा - निश्चित समय

**33.** 'पाथेय' का अर्थ है

(1) मार्ग का भोजन (2) मार्ग

(3) पथ प्रदर्शक (4) अनुचर

**34.** 'न' प्रत्यय से निर्मित शब्द चुनिए

(1) खून (2) चलन

(3) दातुन (4) पतलून

**35.** कौन-सा शब्द विशेषण *नहीं* है ?

(1) सजल (2) जल

(3) जलमय (4) जलीय

*निर्देश: अधोलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों (प्रश्न सं० **36-39**) के उत्तर सबसे उचित विकल्प चुनकर दीजिए :*

मन फिर घूम गया कौसल्या की ओर, लाखों-करोड़ों कौसल्याओं की ओर और लाखों-करोड़ों कौसल्याओं के द्वारा मुखरित एक अनाम अरूप कौसल्या की ओर, इन सबके राम वन में निर्वासित हैं, पर क्या बात है कि मुकुट अभी उनके माथे पर बँधा है और उसी के भींगने की इतनी चिंता है ? क्या बात है कि तुलसीदास ने 'कानन' को सत अवध समाना कहा और चित्रकूट में ही पहुँचने पर उन्हें 'कलि की कुटिल कुचाल' दीख पड़ी ?

इस देश की ही नहीं, पूरे विश्व की एक कौसल्या है, जो हर बारिश में बिसूर रही है - 'मोरे राम के भीजै मुकुटवा' (मेरे राम का मुकुट भीग रहा होगा)। मेरी संतान, ऐश्वर्य की अधिकारिणी संतान वन में घूम रही है, उसका मुकुट, उसका ऐश्वर्य भीग रहा है, मेरे राम कब घर लौटेंगे ? मनुष्य की इस सनातन नियति से एक दम आतंकित हो उठता हूँ, ऐश्वर्य और निर्वासन दोनों साथ-साथ चलते हैं। जिसे ऐश्वर्य सौंपा जाने को है, उसको निर्वासन पहले से बदा है। जिन लोगों के बीच रहता हूँ, वे सभी मंगल नाना के नाती हैं, वे मुद मंगल में ही रहना चाहते हैं, पर मैं अशेष मंगलाकांक्षाओं के पीछे से झाँकती हुई दुर्निवार शंकाकुल आँखों में झाँकता हूँ तो मंगल का सारा उत्साह फीका पड़ जाता है और बंदनवार न दिखकर बटोरी हुई रस्सी की शक्ल में कुंडली मारे नागिन दिखती है।

**36.** 'दुर्निवार' का विलोम है

(1) कठिन (2) सरल

(3) आशंका युक्त (4) पीड़ा दायक

**37.** मनुष्य की नियति है

(1) दुखों में निमग्न रहना

(2) दुख व सुख दोनों की अपरिहार्यता

(3) निरंतर भीगते रहना

(4) षड्यंत्रों का शिकार होना

**38.** 'मंगल नाना के नाती' से लेखक का तात्पर्य है

(1) बहुत आशावादी होना

(2) बहुत निराशावादी होना

(3) बहुत धैर्यवान होना

(4) बहुत उत्साहित होना

**39.** 'सत अवध समाना' का भाव है

(1) सौ युगों के समान

(2) सात युगों के समान

(3) अत्यन्त ऐश्वर्य युक्त

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

*निर्देश : अधोलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों (प्रश्न सं०* **40-44**) *के उत्तर सबसे उचित विकल्प चुनकर दीजिए :*

शिरीष वसन्त के आगमन के साथ लहक उठता है, आषाढ़ तक तो निश्चित रूप से मस्त बना रहता है। मन रम गया तो भादों में भी निर्घात फूलता रहता है। इस प्रकार शिरीष कालजयी अवधूत की भाँति जीवन की अजेयता का मन्त्रप्रचार करता रहता है। शिरीष का फूल संस्कृत साहित्य में बहुत कोमल माना गया है। शिरीष के फूलों की कोमलता देखकर परवर्ती कवियों ने समझा कि उसका सब कुछ कोमल है। यह भूल है। इसके फल इतने मजबूत होते हैं कि नये फूलों के निकल आने पर भी स्थान नहीं छोड़ते। जब तक नये फल पत्ते मिलकर धकियाकर उन्हें बाहर नहीं कर देते तब तक वे डटे रहते हैं। वसन्त के आगमन के समय जब सारी वनस्थली पुष्प-पत्र से मर्मरित होती रहती है, शिरीष के पुराने फल बुरी तरह खड़खड़ाते रहते हैं। मुझे इनको देखकर उन नेताओं की बात याद आती है, जो किसी प्रकार जमाने का रुख नहीं पहचानते और जब तक नयी पौध के लोग उन्हें धक्का मारकर निकाल नहीं देते तब तक जमे रहते हैं।

मैं सोचता हूँ कि पुराने की यह अधिकार लिप्सा क्यों नहीं समय रहते सावधान हो जाती ? जरा और मृत्यु, ये दोनों ही जगत् के अतिपरिचित और अति प्रामाणिक सत्य हैं। तुलसीदास ने अफसोस के साथ इनकी सच्चाई पर मुहर लगायी थी – "धरा को प्रमान यही तुलसी जो फरा सो झरा, जो बरा सो बुताना।"

**40.** 'जो फरा सो झरा' में तुलसीदास ने किस ओर संकेत किया है ?

(1) जीवन की शाश्वतता पर

(2) जीवन की निस्सारता पर

(3) जीवन की क्षणभंगुरता पर

(4) उपर्युक्त सभी पर

**41.** संस्कृत साहित्य में किसे कोमल माना गया है ?

(1) शिरीष के फलों को

(2) शिरीष के फूलों को

(3) शिरीष के पत्रों को

(4) शिरीष की शाखाओं को

**42.** 'निर्घात' का विलोम है

(1) अगाध (2) आघात

(3) निगाध (4) प्रगाढ़

**43.** लेखक के अनुसार नेताओं के साथ तुलनीय है

(1) शिरीष के फल

(2) शिरीष के फूल

(3) वसन्त की ऋतु

(4) पतझड़ की ऋतु

**44.** शिरीष पुष्प का पल्लवन होता है

(1) जेठ में (2) आषाढ़ में

(3) भादों में (4) वसन्त में

45. हिन्दी शब्दकोश के अनुसार निम्न शब्दों का सही क्रम है

'ज्ञानार्जन, ज्वाला, ज्येष्ठ, जौहरी'

(1) ज्वाला, ज्ञानार्जन, ज्येष्ठ, जौहरी
(2) जौहरी, ज्ञानार्जन, ज्येष्ठ, ज्वाला
(3) ज्येष्ठ, ज्वाला, जौहरी, ज्ञानार्जन
(4) जौहरी, ज्येष्ठ, ज्वाला, ज्ञानार्जन

46. हमारे स्कूल में कई सचिन तेंदुलकर हैं : इसलिए क्रिकेट में हम सदैव जीतते हैं। रेखांकित शब्द में संज्ञा है

(1) व्यक्तिवाचक (2) भाववाचक
(3) जातिवाचक (4) परिभाव वाचक

47. 'अनु + इष्ट' का संधि शब्द है

(1) अनिष्ट (2) अन्विष्ट
(3) अनुष्ट (4) अनीष्ट

48. संयुक्त व्यंजन 'ज्ञ' की ध्वनियाँ हैं

(1) ज् + ञ् (2) ज् + ञ् + अ
(3) ज + न (4) ज् + न + अ

49. 'प्रवचन' में उपसर्ग है

(1) प (2) प:
(3) प्र (4) प्रव

50. निम्न में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द चुनिए

(1) एक्य (2) संग्रहीत
(3) कोमलांगिनी (4) तदुपरान्त

51. 'हरि' शब्द के अर्थों का सही समूह है

(1) विष्णु, सिंह, गज
(2) विष्णु, सिंह, बंदर
(3) अश्व, बादल, विष्णु
(4) विष्णु, शिव, नारद

52. 'गुरुद्वारा' में समास है

(1) तत्पुरुष (2) द्वन्द्व
(3) बहुव्रीहि (4) अव्ययीभाव

53. दिये गये शब्द के लिए उचित पर्यायवाची चुनें 'सरस्वती'

(1) शारदा (2) वनिता
(3) नलिनी (4) सुरसरि

54. 'दाँत काटी रोटी' मुहावरे का अर्थ है

(1) परस्पर घनिष्ठता होना
(2) परस्पर प्रतिस्पर्धा होना
(3) परस्पर वैर होना
(4) परस्पर ईर्ष्या होना

55. कौन-सा वाक्य मिश्र वाक्य *नहीं* है ?

(1) शोभा मुझसे कहती है कि जाओ।
(2) एक जोकर देखा जो भारी भरकम था।
(3) तुम इसलिये अच्छे हो क्योंकि तुम मेहनती हो।
(4) दरवाजा खुलने के कारण चोरी हो गई।

56. 'सावन हरे न भादों सूखे' लोकोक्ति का अर्थ है

(1) परवाह ना करना
(2) बेशर्म होना
(3) हमेशा एक जैसा रहना
(4) निर्लिप्त रहना

57. निम्न में से मूर्धन्य वर्ण है

(1) अ (2) इ
(3) ऋ (4) ए

58. 'प्रोत्साहन' का संधि-विच्छेद है

(1) प्र + उत्साहन (2) प्रः + उत्साहन
(3) प + उत्साहन (4) प्रो + साहन

59. 'बन्ध्या' शब्द का विलोम चुनिए

(1) उर्वर (2) उपजाऊ
(3) उर्वरा (4) बंजर

60. निम्न शब्दों में से तद्भव शब्द है

(1) पाषाण (2) परख
(3) प्रहरी (4) पृष्ठ

# भाग – III / PART – III

## भाषा – II (अंग्रेजी) / LANGUAGE-II (ENGLISH)

61. 'He hardly works.'

The underlined word means

(1) arduously (2) mostly

(3) scarcely (4) strenuously

62. Choose the correct word for the following ***phrase*** :

*'Fear of foreigners'*

(1) Hydrophobia

(2) Xenophobia

(3) Homophobia

(4) Claustrophobia

63. Give ***one word*** for 'That which can be eaten.'

(1) edible (2) chewable

(3) palatable (4) digestive

64. She had a headache; otherwise she .............. with me.

(1) would come

(2) would have come

(3) came

(4) will come

65. Which sentence is ***incorrect*** ?

(1) I left without any one knowing.

(2) I hope you will excuse my leaving early.

(3) As he was going up the hill, he saw an old temple.

(4) I dislike your behaving in this way.

66. Complete the given sentence :

'The human body is like an engine. It requires fuel to ......'

(1) work (2) keep it going

(3) run from (4) keep it on action

67. He ........... not oppose me.

(1) dare (2) dares

(3) did dare (4) was dare

68. Choose the correct ***Article*** for the blank :

'Give me ........ yellow teapot which is on the table.'

(1) a (2) an

(3) the (4) Zero article

69. They told me that he ........ in Jaipur.

(1) were (2) was

(3) will be (4) can be

70. His score is higher than .........

(1) you (2) yours

(3) your (4) yourself

71. Choose the correct ***Pronoun*** for the blank :

'He is the only person ........ can help you.'

(1) who (2) that

(3) he (4) which

72. Choose the correct ***Preposition*** for the blank :

'One must abide ........ one's promise'.

(1) in (2) by

(3) for (4) to

73. I have been here .............. Monday.

(1) from (2) since

(3) for (4) till

74. Change the ***Voice*** of the following sentence :

'We were let go.'

(1) They let us go.

(2) We were let to go.

(3) They were let us to go.

(4) Let us go.

75. Which word is wrongly spelt ?

(1) believe (2) relieve

(3) brief (4) decieve

***Directions :*** *Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos.* **76** *to* **85***) by selecting the* ***most appropriate*** *option :*

Conversation is indeed the most easily teachable of all arts. All you need to do in order to become a good conversationalist is to find a subject that interests you and your listeners. There are, for example, number less hobbies to tack about. But the important thing is that you must talk about the other fellow's hobby rather than your own. Therein lies the secret of your popularity. Talk to your friends about the things that interest them and you will make your reputation for good fellowship, charming wit and a brilliant mind. There is nothing that pleases people more than your interest in their interest.

It is as important to know what subject to avoid, as what subjects to select for good conversation. If you don't want to be set down as a wet blanket or a bore, be careful to avoid certain unpleasant topics. Avoid talking about yourself, unless you are asked to do so. People are interested in their problems, not in yours. Sickness and death bore everybody. The only one who willingly listens to such talk is a doctor, but he gets paid for it. To be a good conversationalist you must know not only what to say but how to say it. Be civil and modest. Don't overemphasize your own happiness. Be mentally quick and witty, but don't hurt others with your wit.

Finally, try to avoid mannerism in your conversation. Don't bite your lips, or click your tongue, or roll your eyes, or use your hands excessively as you speak.

**76.** The secret of your popularity lies in

(1) cultivating good hobbies

(2) being able to converse about what is of interest to the listener

(3) having a knowledge about a large variety of hobbies

(4) talking about your hobby

**77.** The secret of becoming a good conversationalist is

(1) talking about problems

(2) avoiding mannerism in conversation

(3) using your wit

(4) knowing what to say and how to say it

**78.** A doctor is the only one who readily listens to conversation about sickness because

(1) it is his job and he earns from that

(2) he is not interested in anything's else

(3) sickness and death interest everybody

(4) he is a kind person

**79.** Courtesy and politeness are recommended through which word in the passage

(1) willingly

(2) civil

(3) overemphasize

(4) None of the above

**80.** To become a good conversationalist, you need to

(1) find a good teacher

(2) find an interesting subject

(3) practice the art of conversation

(4) converse about what you and the listener find interesting

**81.** You should avoid talking about yourself because

(1) you are a bore

(2) it will make you appear unpleasant

(3) you don't know how to choose the subject of a good conversation

(4) people are not interested in you or your problems

**82.** 'Mannerism' in the passage means

(1) not hurting others with your wit

(2) having good manners

(3) gesture or way of speaking typical to a person

(4) using polite language

**83.** Which word in the passage is the ***opposite*** of 'arrogant' ?

(1) witty

(2) mentally quick

(3) conversationalist

(4) modest

**84.** What pleases people most is

(1) your reputation for good fellowship

(2) your clever use of language

(3) your taking interest in what is of interest to them

(4) your brilliant mind

**85.** Which word in the passage means to strongly stress that something is particularly important ?

(1) overemphasize

(2) mentally

(3) excessively

(4) mannerism

**86.** I am .......... after ten years in the business.

(1) wise

(2) wisest

(3) more wise

(4) wiser

**87.** Choose the correct ***Adverb*** for the blank :

'The sun ....... rises in the east'.

(1) sometimes

(2) often

(3) always

(4) rarely

**88.** The dumb ........... not speak.

(1) has (2) does

(3) is (4) do

**89.** Choose the correct ***Phrase*** for the blank :

'The craft in which I sailed rapidly ......... the open sea.'

(1) made out

(2) made up

(3) made for

(4) made off

**90.** He is poor, ......... he is satisfied with his situation.

(1) yet (2) but

(3) so (4) while

## भाग – IV/PART – IV

## राजनीति विज्ञान/POLITICAL SCIENCE

91. अनुच्छेद -368 का सम्बन्ध है

(1) आपातकाल से

(2) राष्ट्रपति के चुनावों से

(3) संविधान संशोधन से

(4) मूल अधिकारों से

92. भाषायी आधार पर सर्वप्रथम निर्मित राज्य था

(1) बिहार

(2) पंजाब

(3) कर्नाटक

(4) आन्ध्र प्रदेश

93. संयुक्त राष्ट्र संघ का महासचिव कैसे नियुक्त किया जाता है ?

(1) सुरक्षा परिषद् द्वारा

(2) महासभा द्वारा

(3) सुरक्षा परिषद् की सिफारिश पर महासभा द्वारा

(4) महासभा द्वारा की गई सिफारिश पर सुरक्षा परिषद् द्वारा

94. "द लांग वॉक टू फ्रीडम" किसकी आत्मकथा है ?

(1) एम० के० गाँधी

(2) आंग सान सू की

(3) नेलसन मंडेला

(4) अब्राहम लिंकन

91. Article–368 relates to

(1) Emergency

(2) Election of president

(3) Amendment to the Constitution

(4) Fundamental Rights

92. The first state formed on Linguistic basis was

(1) Bihar

(2) Punjab

(3) Karnataka

(4) Andhra Pradesh

93. How is the General Secretary of United Nations appointed ?

(1) By the Security Council

(2) By the General Assembly

(3) By the General Assembly on the recommendation of the Security Council

(4) By the Security Council on the recommendation of General Assembly

94. "The Long Walk to Freedom" is the autobiography of

(1) M. K. Gandhi

(2) Aung San Suu Kyi

(3) Nelson Mandela

(4) Abraham Lincoln

95. निम्नांकित में से कौन-सा मूल अधिकारों में विगत दिनों में सम्मिलित किया गया ?

(1) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(2) शोषण के विरुद्ध अधिकार
(3) स्वतंत्रता का अधिकार
(4) अनिवार्य शिक्षा का अधिकार

96. जयप्रकाश नारायण ने किस प्रकार के लोकतंत्र को अपनाने का सुझाव दिया ?

(1) एकदलीय लोकतंत्र
(2) द्विदलीय लोकतंत्र
(3) बहुदलीय लोकतंत्र
(4) दलविहीन लोकतंत्र

97. भारत में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था है

(1) लोकसभा में
(2) विधानसभाओं में
(3) मंत्रिमण्डल में
(4) पंचायती राज संस्थाओं में

98. अनुच्छेद 352 के अन्तर्गत भारत में आपातकाल की घोषणा अंतिम बार कब की गयी ?

(1) 25 मई, 1975
(2) 25 जून, 1975
(3) 25 मई, 1976
(4) 25 जून, 1976

99. जो राज्य अपने नागरिकों को व्यापक सामाजिक सेवाएँ उपलब्ध कराता है, उसे कहा जाता है

(1) सर्वाधिकारी राज्य
(2) कल्याणकारी राज्य
(3) पुलिस राज्य
(4) अहस्तक्षेपी राज्य

95. Which one of the following has been recently included in the Fundamental Rights ?

(1) Right to Constitutional Remedies
(2) Right to Against Exploitation
(3) Right to Freedom
(4) Right to Compulsory Education

96. What kind of democracy is suggested by Jai Prakash Narayan ?

(1) One Party Democracy
(2) Two Parties Democracy
(3) Multi Parties Democracy
(4) Partyless Democracy

97. In India seats are reserved for the women in

(1) Loksabha
(2) Legislatures
(3) Cabinet
(4) Panchayati Raj Institutions

98. When was National Emergency under Article 352 last proclaimed in India ?

(1) 25th May, 1975
(2) 25th June, 1975
(3) 25th May, 1976
(4) 25th June, 1976

99. The state which provides comprehensive social services to citizen is known as

(1) Authoritative State
(2) Welfare State
(3) Police State
(4) Non-Interventionary State

**100.** दक्षिण-दक्षिण संवाद इन देशों के मध्य है

(1) विकासशील देश

(2) विकसित देश

(3) विकसित एवं विकासशील देश

(4) अफ्रीकी एवं यूरोपीय देश

**101.** "इण्डियन कान्स्टीट्यूशन, ए कार्नर स्टोन ऑफ ए नेशन" नामक पुस्तक लिखित है

(1) ग्रेनविल ऑस्टिन द्वारा

(2) मोरिस जोन्स द्वारा

(3) एम० वी० पायली द्वारा

(4) जी० एन० सिंह द्वारा

**102.** "फर्स्ट पास्ट द पोस्ट" निर्वाचन प्रणाली में प्रत्याशी निर्वाचित घोषित होता है

(1) जिसे 50% से अधिक मत प्राप्त हों

(2) जिसे कुल मतों का तीन चौथाई मत प्राप्त हों

(3) भले ही कुल मतों का बहुमत प्राप्त न हो, किन्तु अन्य सभी प्रत्याशियों से अधिकतम मत प्राप्त हों

(4) जिसे कुल मतों का 2/3 मत प्राप्त हों

**103.** ल्यूशियन डब्ल्यू० पाई सम्बन्धित है

(1) राजनीतिक विकास से

(2) राजनीतिक सम्प्रेषण से

(3) राजनीतिक संस्कृति से

(4) राजनीतिक समाजीकरण से

**100.** The South-South Dialogue is between

(1) Developing Countries

(2) Developed Countries

(3) Developed & Developing Countries

(4) African & European Countries

**101.** "Indian Constitution, a Cornerstone of a Nation" is written by

(1) Granville Austin

(2) Morris Jones

(3) M. V. Paylee

(4) G. N. Singh

**102.** In the "First Past The Post" system of election that candidate is declared winner

(1) Who secures more than 50% of votes

(2) Who secures 3/4 of the votes polled

(3) Who gets more votes than all of the other candidates, need not secure majority of the votes

(4) Who secures 2/3 majority of the votes polled

**103.** Lucian W. Pye is associated with

(1) Political Development

(2) Political Communication

(3) Political Culture

(4) Political Socialization

104. आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के प्रतिपादक थे

(1) हीगल
(2) ग्रीन
(3) थॉमस पेन
(4) थॉमस हेयर

105. श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्थापक थे

(1) स्वतंत्र दल के
(2) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के
(3) सोशलिस्ट दल के
(4) भारतीय जनसंघ के

106. भारत में "न्यायिक पुनरावलोकन" का आधार है

(1) कानून की उचित प्रक्रिया
(2) कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया
(3) विधि का शासन
(4) अन्य कोई

107. संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कौन करता है ?

(1) राष्ट्रपति
(2) लोक सभाध्यक्ष
(3) उपराष्ट्रपति
(4) प्रधानमंत्री

108. अफगानिस्तान के लिए जेनेवा समझौता कब हस्ताक्षरित हुआ ?

(1) 14 अप्रैल, 1988
(2) 15 मई, 1988
(3) 6 मार्च, 1987
(4) 11 दिसम्बर, 1979

104. The method of proportional representation was propounded by

(1) Hegel
(2) Green
(3) Thomas Paine
(4) Thomas Hare

105. Shayama Prasad Mukherjee was the founder of

(1) Swatantra Party
(2) Rashtriya Swayamsevak Sangh
(3) Socialist Party
(4) Bhartiya Jansangh

106. In India 'Judicial Review' is based on

(1) Due Process of Law
(2) Procedure Established by Law
(3) Rule of Law
(4) Any other

107. Who presides over the joint session of both the houses of Parliament ?

(1) President
(2) Speaker
(3) Vice President
(4) Prime Minister

108. Geneva Pact on Afghanistan was signed on

(1) April 14, 1988
(2) May 15, 1988
(3) March 6, 1987
(4) December 11, 1979

**109.** संघात्मक शासन वाले देशों का समुच्चय है

(1) आस्ट्रेलिया, भारत, श्रीलंका, कनाडा

(2) आस्ट्रेलिया, भारत, ब्रिटेन, कनाडा

(3) आस्ट्रेलिया, भारत, स० रा० अमेरिका, कनाडा

(4) आस्ट्रेलिया, भारत, फ्राँस, ब्रिटेन

**110.** भारत में अवशिष्ट शक्तियाँ निहित हैं

(1) केन्द्र में

(2) राज्यों में

(3) केन्द्र व राज्यों में

(4) न्यायपालिका में

**111.** राज्यपाल जिसके प्रसादपर्यन्त अपने पद पर रहता है, वह है

(1) राज्य व्यवस्थापिका

(2) मंत्रिपरिषद्

(3) मुख्यमंत्री

(4) राष्ट्रपति

**112.** व्यक्तियों के कार्यों को किसने "स्वं सम्बन्धी कार्यों" व "पर सम्बन्धी कार्यों" में विभक्त किया ?

(1) लॉक

(2) रूसो

(3) बेन्थम

(4) जे० एस० मिल

**113.** "बाण्डुंग सम्मेलन" के परिणामस्वरूप स्थापित हुआ

(1) सार्क

(2) आसियान

(3) गुटनिरपेक्ष आन्दोलन (नाम)

(4) ओपेक

**109.** Which Group among the following consists of Federal system ?

(1) Australia, India, Sri Lanka, Canada

(2) Australia, India, Britain, Canada

(3) Australia, India, U.S.A., Canada

(4) Australia, India, France, Britain

**110.** In India the residuary powers rest with the

(1) Centre

(2) States

(3) Both the centre & the states

(4) Judiciary

**111.** The Governor holds office during the pleasure of

(1) The State Legislature

(2) The Council of Minister

(3) Chief Minister

(4) The President

**112.** Who bifurcated individual's functions into "Self Regarding" and "Other Regarding Functions" ?

(1) Locke

(2) Rousseau

(3) Bentham

(4) J. S. Mill

**113.** The "Bandung Conference" led to the establishment of

(1) SAARC

(2) ASEAN

(3) NAM (Non-Aligned Movement)

(4) OPEC

114. दो नेता लाल बहादुर शास्त्री व जनरल अयूब खाँ 1966 में मिले, और इन्होंने 1965 के युद्ध पूर्व की स्थिति पर अपने देशों की सेनाओं को वापस बुलाने की सहमति दी थी, वह स्थान कौन-सा था ?

(1) दिल्ली (2) शिमला
(3) इस्लामाबाद (4) ताशकंद

115. निम्नलिखित में से कौन-सा विषय 'समवर्ती सूची' के अन्तर्गत है ?

(1) वैदेशिक सम्बन्ध
(2) डाक-तार
(3) पुलिस
(4) शिक्षा

116. बंग्लादेश कब अस्तित्व में आया ?

(1) 1970 में (2) 1971 में
(3) 1972 में (4) 1973 में

117. किस देश को "इन्द्रधनुषी देश" कहा जाता है ?

(1) दक्षिण अफ्रीका (2) भारत
(3) जापान (4) नेपाल

118. "ऑन लिबर्टी" के लेखक हैं

(1) प्लेटो (2) अरस्तू
(3) जे० एस० मिल (4) कार्ल मार्क्स

119. भारतीय संविधान में 'मौलिक कर्त्तव्य' जोड़े गए

(1) 25 वें संविधान संशोधन द्वारा
(2) 42 वें संविधान संशोधन द्वारा
(3) 39 वें संविधान संशोधन द्वारा
(4) 44 वें संविधान संशोधन द्वारा

114. Where did the two leaders Lal Bahadur Shastri & General Ayub Khan meet in 1966 and agreed on the need for withdrawal of their respective forces to the pre-war position of 1965 ?

(1) Delhi (2) Shimla
(3) Islamabad (4) Tashkand

115. Which of the following subjects belongs to the "Concurrent Lists" ?

(1) Foreign Relation
(2) Post and Telegraph
(3) Police
(4) Education

116. Bangladesh came into existence in the year

(1) 1970 (2) 1971
(3) 1972 (4) 1973

117. Which country is called "Rainbow Country" ?

(1) S. Africa (2) India
(3) Japan (4) Nepal

118. "On Liberty" was written by

(1) Plato (2) Aristotle
(3) J. S. Mill (4) Karl Marx

119. "Fundamental Duties" were added to the Indian Constitution by

(1) 25th Constitutional Amendment
(2) 42nd Constitutional Amendment
(3) 39th Constitutional Amendment
(4) 44th Constitutional Amendment

120. "भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस" की स्थापना का वर्ष था

(1) 1876 (2) 1885

(3) 1888 (4) 1892

121. "लिट्टे" किस देश से सम्बन्धित आतंककारी संगठन था ?

(1) नेपाल (2) बांग्लादेश

(3) श्रीलंका (4) भूटान

122. भारत चीन की सीमा को विभक्त किया जाता है

(1) डूरंड लाइन द्वारा

(2) मैकमोहन लाइन द्वारा

(3) ग्रीनविच लाइन द्वारा

(4) माउंटबेटन लाइन द्वारा

123. "जय जवान जय किसान" का प्रसिद्ध नारा किसने दिया ?

(1) एम० के० गाँधी ने

(2) जवाहर लाल नेहरू ने

(3) इन्दिरा गाँधी ने

(4) लाल बहादुर शास्त्री ने

124. भारत में नागरिकों को सार्वभौमिक वयस्क 'मताधिकार' किस सन् में प्राप्त हुआ ?

(1) 1947 (2) 1948

(3) 1961 (4) 1950

125. "तेलंगाना राज्य" के गठन की मांग किस राज्य से सम्बन्धित है ?

(1) तमिलनाडु

(2) कर्नाटक

(3) केरल

(4) आंध्र प्रदेश

120. "Indian National Congress" was established in the year

(1) 1876 (2) 1885

(3) 1888 (4) 1892

121. The "LTTE" was a terrorist outfit of which country ?

(1) Nepal (2) Bangladesh

(3) Sri Lanka (4) Bhutan

122. The Sino-Indian Border is demarcated by

(1) Durand Line

(2) Mcmohan Line

(3) Greenwich Line

(4) Mount Batten Line

123. Who gave the famous slogan "Jai Jawan Jai Kisan" ?

(1) M. K. Gandhi

(2) Jawahar Lal Nehru

(3) Indira Gandhi

(4) Lal Bahadur Shastri

124. In which year Indians were granted Universal Adult "Franchise" ?

(1) 1947 (2) 1948

(3) 1961 (4) 1950

125. Demands for Separate "Telangana State" is associated with which state ?

(1) Tamil Nadu

(2) Karnataka

(3) Kerala

(4) Andhra Pradesh

126. "विधि का शासन" सम्बद्ध है

(1) ईस्टन से (2) ल्यूशियन पाई से

(3) डॉयसी से (4) ब्राइस से

127. भारत का वह राज्य जिसका अपना पृथक् संविधान है

(1) हरियाणा (2) जम्मू-कश्मीर

(3) केरल (4) नागालैण्ड

128. भारत एक गणराज्य है, क्योंकि

(1) केन्द्र व राज्यों के मध्य शक्तियाँ विभाजित हैं

(2) राष्ट्रपति जनता द्वारा (अप्रत्यक्ष रूप से) चुना जाता है

(3) प्रधानमंत्री वास्तविक शक्ति का उपभोग करता है

(4) न्यायपालिका स्वतंत्र है

129. भारतीय संविधान में स्थानीय स्वायत्त शासन एक विषय के रूप में आता है

(1) केन्द्रीय सूची में

(2) राज्य सूची में

(3) समवर्ती सूची में

(4) (1) व (2) दोनों में

130. इन दिनों संयुक्त राष्ट्र संघ के किस अंग में सदस्यता वृद्धि की मांग की जा रही है ?

(1) महासभा

(2) सुरक्षा परिषद्

(3) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय

(4) न्यास परिषद्

126. "Rule of Law" is associated with

(1) Easton (2) Lucian Pye

(3) Dicey (4) Bryce

127. Which one of the following states in India has a separate Constitution ?

(1) Haryana (2) Jammu-Kashmir

(3) Kerala (4) Nagaland

128. India is a Republic because

(1) Powers are distributed between the centre and the states

(2) The president is elected (Indirectly) by the people

(3) The Prime Minister enjoys the real power

(4) The Judiciary is independent

129. Local Self Government as a subject falls in the Indian Constitution in

(1) Union List

(2) State List

(3) Concurrent List

(4) Both (1) and (2)

130. In recent times there has been a demand of expansion of membership for which organ of the United Nation ?

(1) General Assembly

(2) Security Council

(3) International Court of Justice

(4) Trusteeship Council

131. संसद के दोनों सत्रों के बीच अधिकतम अन्तराल की अवधि है

(1) 3 माह (2) 6 माह

(3) 12 माह (4) 9 माह

132. यह किसने कहा "भारत एक अर्ध संघ" है ?

(1) के० सी० व्हीयरे

(2) मॉरिस जोन्स

(3) डी० डी० बसु

(4) एम० वी० पायली

133. फिलिस्तीन राज्य की घोषणा की गई

(1) 1958 में (2) 1968 में

(3) 1988 में (4) 1978 में

134. 'संवैधानिक उपचारों का अधिकार' दिया गया है

(1) अनुच्छेद 29 में (2) अनुच्छेद 32 में

(3) अनुच्छेद 23 में (4) अनुच्छेद 25 में

135. भारत के प्रथम मुख्य निर्वाचन आयुक्त कौन थे ?

(1) बी० आर० अम्बेडकर

(2) सुकुमार सेन

(3) टी० एन० शेषन्

(4) कृष्णामाचारी

136. राजनीति शास्त्र में 'व्यवस्था सिद्धान्त' लिया गया है

(1) अंकगणित से (2) मनोविज्ञान से

(3) जीव विज्ञान से (4) सांख्यिकी से

131. The maximum gap permissible between two sessions of parliament is

(1) 3 Months (2) 6 Months

(3) 12 Months (4) 9 Months

132. Who said India is a "Quasi-federation" ?

(1) K. C. Wheare

(2) Morris Jones

(3) D. D. Basu

(4) M. V. Paylee

133. Palestinian state was declared in the year

(1) 1958 (2) 1968

(3) 1988 (4) 1978

134. "Right to Constitutional Remedies" is mentioned in

(1) Article 29 (2) Article 32

(3) Article 23 (4) Article 25

135. Who was the first Chief Election Commissioner of India ?

(1) B. R. Ambedkar

(2) Sukumar Sen

(3) T. N. Seshan

(4) Krishnamachari

136. "System Analysis" in political science is borrowed from

(1) Mathematics (2) Psychology

(3) Biology (4) Statistics

137. न्याय के सिद्धान्त के प्रतिपादन के सन्दर्भ में किसने "वेल ऑफ इग्नोरेंस" (अज्ञानता का आवरण) का वर्णन किया है ?

(1) प्लेटो (2) कार्ल मार्क्स

(3) एम० के० गाँधी (4) जॉन रॉल्स

138. निम्न में से कौन-सा देश 'सार्क' संगठन का सदस्य *नहीं* है ?

(1) बंग्लादेश (2) चाइना

(3) श्रीलंका (4) मालदीव

139. भारत का प्रधानमंत्री

(1) निर्वाचित होता है

(2) मनोनीत होता है

(3) नियुक्त होता है

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

140. जवाहर लाल नेहरू, ने अग्रांकित को भारत के लिए उपयुक्त आर्थिक पद्धति माना

(1) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था को

(2) समाजवादी अर्थव्यवस्था को

(3) मिश्रित अर्थव्यवस्था को

(4) उदारवादी अर्थव्यवस्था को

141. "अ ग्रामर ऑफ पॉलिटिक्स" के लेखक हैं

(1) लॉस्की (2) एक्वीनास

(3) लॉक (4) मार्क्स

142. भारत में राजनीतिक शब्दावली में "आयाराम गयाराम" मुहावरा अग्रांकित सन्दर्भ में प्रचलित हुआ

(1) विधायकों द्वारा बार-बार दल बदलना

(2) मुख्यमंत्रियों को बार-बार बदला जाना

(3) प्रत्याशियों का हारना और जीतना

(4) राष्ट्रीय नेताओं का आकस्मिक निधन

137. "Vail of ignorance" is associated with the theory of Justice propounded by

(1) Plato (2) Karl Marx

(3) M. K. Gandhi (4) Joan Rawls

138. Which of the following country is ***not*** the member of "SAARC" organization ?

(1) Bangladesh (2) China

(3) Sri Lanka (4) Maldive.,

139. The Prime Minister in India is

(1) Elected

(2) Nominated

(3) Appointed

(4) None of the above

140. Jawahar Lal Nehru considered the following as the suitable pattern of economy for India

(1) Capitalist Economy

(2) Socialist Economy

(3) Mixed Economy

(4) Liberal Economy

141. The author of "A Grammar of Politics" is a

(1) Laski (2) Aquinas

(3) Locke (4) Marx

142. The expression "Aayaram Gayaram" became popular in the political vocabulary in India in the context of

(1) Frequent floor crossing by legislators

(2) Frequent change of Chief-Ministers

(3) Winning and loosing of candidates

(4) Sudden death of national leaders

**143.** निम्नांकित में से कौन-सा संयुक्त राष्ट्र संघ का अभिकरण *नहीं* है ?

(1) यूनेस्को

(2) नाटो

(3) आई० एल० ओ०

(4) आई० एम० एफ०

**144.** देशी रियासतों के भारतीय संघ में विलय का श्रेय किसे दिया जाता है ?

(1) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद

(2) बी० आर० अम्बेडकर

(3) गोविन्द वल्लभ पंत

(4) सरदार पटेल

**145.** अस्सी के दशक में भारतीय शांति सेना को किस देश में भेजा गया था ?

(1) पाकिस्तान

(2) अफगानिस्तान

(3) श्रीलंका

(4) नेपाल

**146.** "लैंगिक असमानता" से तात्पर्य है

(1) श्रम का लैंगिक विभाजन

(2) सार्वजनिक मामलों से महिलाओं को पृथक् रखना

(3) समान कार्य हेतु असमान वेतन

(4) उपर्युक्त सभी

**143.** Which of the following is ***not*** the agency of U.N.O. ?

(1) UNESCO

(2) NATO

(3) I.L.O.

(4) I.M.F.

**144.** Who is attributed credit for integration of princely states into Indian Union ?

(1) Dr. Rajendra Prasad

(2) B. R. Ambedkar

(3) Govind Vallabh Pant

(4) Sardar Patel

**145.** The Indian Peace Keeping Force (IPKF) was sent to which country in the eighties decade ?

(1) Pakistan

(2) Afghanistan

(3) Sri Lanka

(4) Nepal

**146.** 'Gender inequality' relates

(1) Division of labour on the basis of gender

(2) Keeping women away from public matters

(3) Unequal wages for equal work

(4) All of the above

147. किस साम्यवादी देश में पहली बार "स्वतंत्र मजदूर संघ" का गठन हुआ ?

(1) पोलैण्ड (2) रूस

(3) चीन (4) वियतनाम

148. निम्न में से 'राष्ट्रीय राजनीतिक दल' है

(1) शिव सेना

(2) बहुजन समाज पार्टी

(3) झारखण्ड मुक्ति मोर्चा

(4) शिरोमणी अकाली दल

149. भारतीय संविधान में 'नीति निर्देशक तत्त्व' किस संविधान में से लिये गये हैं ?

(1) ब्रिटेन का संविधान

(2) संयुक्त राज्य अमेरिका का संविधान

(3) फ्राँस का संविधान

(4) आयरलैण्ड का संविधान

150. निम्नलिखित में से कौन-सा 'पंचशील सिद्धान्त' का तत्त्व *नहीं* है ?

(1) अनाक्रमण

(2) राष्ट्रों द्वारा दूसरे राष्ट्रों की भौगोलिक अखण्डता व प्रभुसत्ता का सम्मान

(3) शांतिपूर्ण सहअस्तित्व एवम् सहयोग

(4) गुटनिरपेक्ष विदेश नीति

147. In which communist country was "Independent Labour Union" formed for the first time ?

(1) Polland (2) Russia

(3) China (4) Vietnam

148. Which of the following is a "National Political Party" ?

(1) Shiv Sena

(2) Bahujan Samaj Party

(3) Jharkhand Mukti Morcha

(4) Shiromani Akali Dal

149. "Directive Principles" in Indian Constitution have been taken from

(1) Constitution of Britain

(2) Constitution of U.S.A.

(3) Constitution of France

(4) Constitution of Ireland

150. Which of the following is *not* a feature of "Panchsheel" ?

(1) Non-aggression

(2) Nations according to Mutual respect for each others geographical integrity and sovereignty by the nations

(3) Peaceful co-existence and co-operation

(4) Non aligned foreign policy